# देवभूमि को आयुष प्रदेश बनाने के लिए सरकार संकल्पित : मुख्यमंत्री

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयासों के कारण ही आज योग,आयुर्वेद और होम्योपैथी पद्धति समेत तमाम प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धतियां अपना विलुप्त होता वैभव पुनः प्राप्त कर रही हैं। उत्तराखंड सरकार देवभूमि को आयुष प्रदेश बनाने के लिए कृत संकल्पित है। रविवार को दून विश्वविद्यालय में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन ह्यहोम्योकॉन- 2023ह्ल का शुभारंभ के मौके पर यह बातें कहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने होम्योपैथिक पर बनी डॉक्यूमेंट्री को लांच किया। होम्योपैथी के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले



चिकित्सकों को सम्मानित भी किया गया। उन्होंने होम्योपैथी के जन्मदाता सैमुअल क्रिश्चियन हैनिमैन का स्मरण करते हुए कहा कि होम्योपैथी के रूप में एक ऐसी उपचार पद्धति विकसित की,जो अत्यंत कारगर होने के साथ-साथ किफायती भी थी।
मुख्यमंत्री ने कहा कि शरीर ही सारे कर्तव्यों को पूरा करने का एकमात्र साधन है। शरीर की रक्षा करना और उसे निरोगी बनाए रखना मनुष्य का सर्वप्रथम कर्तव्य है। यदि मनुष्य निरोगी होगा तो, वह जीवन में सब कुछ कर सकता है। जीवन शैली में तेजी से बदलाव हो रहा है, ऐसे में और भी अधिक आवश्यक हो जाता है कि हम अपने शरीर का जितना हो सके उतना ख्याल रखें।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि के कारण ही आज पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को लोग अपना रहे हैं। भारत में पारम्परिक चिकित्सा प्रणाली को बढावा देने के लिए प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 में पृथक से आयुष मंत्रालय का गठन किया था। राज्य सरकार प्रदेश में आयुष चिकित्सा को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रयासरत है।
उन्होंने कहा कि हम सभी ने कोरोना काल में होम्योपैथी की दवाइयों सहित पारंपरिक चिकित्सा के महत्व को बहुत करीब से देखा है,जिसके बाद होम्योपैथी की विश्वभर में स्वीकार्यता बढ़ी है। इन सुखद परिणामों के चलते ही नई स्वास्थ्य नीति में होम्योपैथी को एक प्रमुख चिकित्सा पद्धति के रूप में स्थान मिला है।
उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैसे विषम भौगोलिक परिस्थिति वाले राज्य में आयुष और विशेष रूप से किफायती और कारगर होने के कारण होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति की महत्ता और बढ़ जाती है। इस कार्यशाला में होने वाले विचार-विमर्श और चिन्तन से होम्योपैथी के विकास में और अधिक गति मिलेगी।
इस मौके पर सचिव आयुष एवं आयुष शिक्षा डॉ.पंकज कुमार पाण्डेय,कुलपति दून विश्वविद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल, निदेशक होम्योपैथिक डॉ. जे.एल. फिरमाल,डॉ.रामजी सिंह,डॉ.नितीश दुबे,डॉ. जसवंत पाटिल और होम्योपैथी से जुड़े चिकित्सक उपस्थित थे।

# विधायक को ग्रामीणों ने समस्याओं से अवगत कराया



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के लालवाला खालसा मजरा शाह मंसूर में ग्रामीणों ने बैठक कर विधायक रवि बहादुर को समस्याओं से अवगत कराया। विधायक को ग्रामीणों ने बताया कि शाह मंसूर दरगाह के आसपास निवास कर रहे कुछ परिवारों को वन विभाग अतिक्रमण के नाम पर हटाने का कार्य कर रहा है। पिछले सैकड़ों वर्षों से शाह मंसूर दरगाह के पास वह निवास कर रहे हैं। अब विभाग उन्हें हटाने के लिए दबाव बनाया रहा है। शासन-प्रशासन भी सुनवाई नहीं कर रहा है। उनके पास वन अधिकार नियम के अंतर्गत भी कागजात हैं फिर भी परेशान किया जा रहा है। विधायक रवि बहादुर ने कहा कि डीएफओ, एसडीओ और अन्य अधिकारियों से वार्ता की जा रही है, जो अवैध हैं उन्हें ही हटाया जाएगा। किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। जब कुछ परिवार सैकड़ों वर्षों से निवास कर रहे हैं तो उन्हें परेशान नहीं किया जाना चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अशोक सैनी, शारिक अली, मुन्नी लाल, शकील अहमद, भूरा अली, सब्बू , सलीम, अजीम, आसिफ, खालिद , सलमान सिद्दीकी, एजाज अली, महरुफ सलमानी आदेश कटारिया, सुमित सैनी, मुनीर सिद्दीकी आदि उपस्थित थे।

# विद्यामंदिर क्लासेस का नेशनल एडमिशन टेस्ट 20 और 21 मई को

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
देश का लीडिंग इंस्टीट्यूट और जेईई व नीट एग्जाम की तैयारी का हब विद्यामंदिर क्लासेज (वीएमसी) अपना फ्लैगशिप टेस्ट कराने के लिए तैयार है। एडमिशन और स्कॉलरशिप के लिए वीएमसी का नेशनल एडमिशन टेस्ट (एनएटी) इसी महीने 20 और 21 मई को कराया जाएगा। ये टेस्ट ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों मोड में होगा। इस टेस्ट का मकसद मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप देना और उन्हें बेहतर स्टडी के लिए तैयार करना है। ये टेस्ट उन बच्चों के लिए बूस्टर होता है जो जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं या करना चाहते हैं। ऐसे बच्चों को मेंटरशिप मिलती है, डाउट क्लीयर होते हैं, मोटिवेशनल सेशन होते हैं। वीएमसी के फाउंडर्स समेत टॉप फैकल्टी बच्चों के साथ इंटरैक्ट करती है, फ्री मॉक टेस्ट कराए जाते हैं, स्कूल और बोर्ड एग्जाम की प्रैक्टिस कराई जाती है। अभी जो बच्चे क्लास 5, 6, 7, 8, 9, 10 और 11 में पढ़ रहे हैं उनके पास इस टेस्ट में शामिल होने का चांस है। विद्यामंदिर क्लासेज के चीफ अकेडमिक ऑफिसर (सीएओ) सौरभ कुमार ने कहा कि विद्यामंदिर क्लासेज का सबसे पहला मकसद बच्चों के अंदर साइंटिफिक और टेक्निकल नॉलेज का मजबूत फाउंडेशन तैयार करना है ताकि वो बेहतर इंजीनियर और डॉक्टर बन सकें।

## बैटरा चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने बैटरा चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी किया बैटरा बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।कोतवाली लक्सर क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर निवासी खुर्शीद ने 13 मई को पुलिस को तहरीर देकर उसके डीसीएम से अज्ञात चोर के बैटरा चोरी किये जाने के सम्बन्ध में कोतवाली लक्सर में मुकदमा दर्ज कराया गया था।मुकदमा दर्ज करने के बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित समीर पुत्र नूर अली निवासी ग्राम जसोद्दरपुर लक्सर जिला हरिद्वार को सुल्तानपुर से चोरी के बैटरा के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# गंगा सेवक दल ने पंतदीप गंगा घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्री गंगा सभा के गंगा सेवक दल ने साप्ताहिक गंगा घाट स्वच्छता अभियान के तहत चमगादड़ टापू, पंतदीप क्षेत्र के गंगा घाटों पर विसर्जित की गई खंडित मूर्तियों को बाहर निकाल कर एक स्थान पर रखा गया।
गंगा सेवक दल सचिव उज्जवल पंडित ने बताया कि सनातन वादी लोगों ने मंदिरों और घरों में खंडित हुई मूर्तियों को गंगा के घाटों पर छोड़ जाते हैं, जिस कारण उन मूर्तियों की आड़ में गंदगी पसर जाती है। कुछ लोग धनार्जन की आड़ में इन्हीं खंडित मूर्तियों को सजाकर श्रद्धालुओं को गुमराह



करते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि इस प्रकार खंडित हुई मूर्तियों और अपने मृतक परिजनों के वस्त्र इत्यादि सामग्री को गंगा में प्रभावित ना करें।
उन्होंने कहा कि गंगा जी को कलयुग में प्रधान तीर्थ कहा गया है। यह प्रत्यक्ष रूप से देवी स्वरूपा हैं, जो सनातन परंपरा के 16 संस्कारों हैं। हर कार्य में गंगाजल का प्रयोग सनातनी लोग करते हैं। इसके बाद भी गंगा जी के प्रति जिस प्रकार लोकाचार की भावना से यह सब कृत्य किए जाते हैं, यह आपके पाप को बढ़ाने वाले ही हैं। सनातन धर्म के लोग गंगा को स्वच्छ रखने में हमारा सहयोग करें और अपनी भी जिम्मेदारी समझें।
इस अवसर पर पार्षद अनुज सिंह, दीपांकर चक्रपाणि, शिवांकर चक्रपाणि, वैभव भक्त, देवराज, शंकर शर्मा पराग मिश्रा, वासु शर्मा, एकलव्य पंडित, भव्य पंडित, अध्यात्म पंडित, संभव झा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### मदर्स डे के उपलक्ष में महिलाओं ने जाने सेल्फ केयर टिप्स

**देहरादून।** निरावधी एवं फिक्की फ्लो उत्तराखंड के संयुक्त तत्वाधान में मदर्स डे के उपलक्ष में एक टॉक एवं ओपन माइक का आयोजन किया गया टॉक के दौरान आरोग्यधाम हॉस्पिटल के डॉ तरुण दास जोकि महिला रोग विशेषज्ञ है ने महिलाओं को मेनोपॉज के दौरान होने वाली परेशानियों के बारे में बताया। टॉक के दौरान महिलाओं ने मेनोपॉज के दौरान होने वाली परेशानियों के बारे में डॉक्टर दास से कई तरह के सवाल किए जिन पर डॉ तरुण दास ने विस्तार से उनको संपूर्ण जानकारी दी साथ ही कई टिप्स भी दिए जिनसे महिलाओं में होने वाले हार्मोनल चेंजेज से दो चार हुआ जा सके। इस मौके पर एक ओपन माइक का भी आयोजन किया गया था जिसमें महिलाओं ने अपनी मां पर कविताएं गाने वह अपने एक्सपीरियंस साझा किए कार्यक्रम में बतौर वक्ता रमा चोपड़ा , निशा ठाकुर , प्रियंवदा अय्यर , मिनी गुप्ता, अनीता मित्तल , खामोश इंसान , डॉ स्वाति आनंद ,स्मृति लाल एवं डॉक्टर याशना बाहरी सिंह मौजूद रहे मौके पर सीख लो उत्तराखंड की चेयरपर्सन अनुराधा मल्ला पुंडीर ने सभी वक्ताओं को सर्टिफिकेट देकर नवाजा। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन बहुत ही खूबसूरती से अपने ही काव्य अंदाज में निरावधी की चेयरपर्सन डॉ प्राची चंद्रा नीरा ने किया।

### टाटा एआईए लाइफ फार्च्यून गारंटी पेंशन में प्रभावकारी अपग्रेड

**देहरादून**: भारत की एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स (टाटा एआईए लाइफ) ने अपने प्रमुख एन्युटी (जीवन भर तक गारंटीड इनकम) प्लान, टाटा एआईए लाइफ फॉर्च्यून गारंटी पेंशन का और भी प्रभावकारी वर्जन प्रस्तुत किया है। इस नए वर्जन में अधिक ज्यादा एन्युटी दर और डेथ बेनिफिट्स जैसे कुछ महत्वपूर्ण सुधारों को शामिल किया गया है।

### एचडीएफसी बैंक और तेलंगाना सरकार आए एक साथ

**देहरादून**: एचडीएफसी बैंक, भारत का सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का बैंक, और तेलंगाना सरकार के आईटीईएंडसी विभाग के तहत एक गैर-लाभकारी संगठन तेलंगाना एकेडमी फॉर स्किल एंड नॉलेज (टीएएसके) ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस नए करार के तहत नए स्नातकों और स्नातकोत्तरों के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एमओयू के अनुसार, एचडीएफसी बैंक अब ह्लटास्कह्ल के साथ रजिस्टर्ड (पंजीकृत) 700 संस्थानों में प्रतिभा के एक बड़े पूल तक पहुंच बनाने में सक्षम होगा।

# लोक अदालत में 335 वादों का सुलह-समझौते के आधार पर किया निस्तारण

**जनपद के जिला न्यायालय, वाह्य न्यायालयों और राजस्व न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ**

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद के जिला न्यायालय, वाह्य न्यायालयों और राजस्व न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के अधार पर कुल 335 वादों का निस्तारण कर 2.21 करोड़ की धनराशि वसूल की गई।
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव और सीनियर जज आलोक राम त्रिपाठी ने बताया कि जिला



जज योगेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में जनपद की सभी अदालतों में लोक अदालतें लगीई गईं। इनमें सुलह-समझौतों के आधार पर वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें फौजदारी के शमनीय मामले, राजस्व सम्बन्धित मामले, धारा 138 एनआई एक्ट सम्बन्धित मामले, विद्युत एवं जलकर मामले, मोटर दुर्घटना प्रतिकर सम्बन्धित मामले, वेतन भत्तों एवं सेवानिवृत्त से संबंधित मामले, श्रम सम्बन्धित मामले, दीवानी वाद, वैवाहिक वाद, घरेलू हिंसा वाद व बैंक और ऋण वसूली से सम्बन्धित मामले और अन्य ऐसे मामले जो सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किए गए।
उन्होंने बताया कि लोक अदालत के लिए गठित कुल 7 बेंचों में से जिला न्यायाधीश योगेश कुमार गुप्ता की बेंच ने कुल 5 वादों का निस्तारण 32.87 लाख रुपए के मामलों के सुलह-समझौते करवाये। कुटुम्ब न्यायालय के प्रदीप कुमार मणि की बेंच ने कुल 8 वादों का निस्तारण 8.77 लाख रुपये के वादों का निस्तारण करवाया।
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद कुमार बर्मन की बैंच ने कुल 65 वादों का निस्तारण 48.56 लाख रुपये के सुलह समझौते करवाये। सीनियर सिविल जज अविनाश कुमार श्रीवास्तव की बैंच ने कुल 12 वादों का निस्तारण 45.91 लाख रुपये के सुलह-समझौते करवाए। अपर सीनियर सिविल जज आफिया मतिन की बेंच ने कुल 27 वादों का निस्तारण 32.74 लाख रुपये के सुलह-समझौते करवाये। इस तरह से कुल 2.21 करोड़ के सुलह-समझौते जिले की सभी अदालतों में करवाए गए।

## बाफ्टा ब्रेकथ्रू टैलेंट प्रोग्राम के माध्यम से उभरते सितारों की पहचान कर उनके हुनर को निखारेगा

**देहरादूनः** वर्ष 2021 और 2022 में बाफ्टा ब्रेकथ्रू इंडिया प्रोग्राम की जबर्दस्त सफलता के बाद, बाफ्टा एक बार फिर तीसरे साल इस स्कीम को लॉन्च करने जा रहा है। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया आज से आरम्भ हो रही है और यह 5 जुलाई तक चलेगी। यह प्रोग्राम राष्ट्र स्तर पर और यूके तथा यूएस में कार्यरत फिल्म, गेम्स और टेलीविजन उद्योगों में क्रिएटिव के लिए खुला है। यह साल इसलिए भी खास है क्यों कि भारत में बाफ्टा ब्रेकथ्रू को नेटफ्लिक्स के सहयोग का तीसरा साल और यूके एवं यूएस में इसका चौथा साल है।

# एम्स में भर्ती घायल यात्रियों का क्षेत्रीय विधायक ने जाना हाल

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
क्षेत्रीय विधायक और मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने आज एम्स, ऋषिकेश पहुंचे। उन्होंने वहां पर बस दुर्घटना में घायल हुए गुजरात के अहमदाबाद के यात्रियों का हालचाल जाना और चिकित्सकों से जानकारी ली।
मंत्री डॉ. अग्रवाल एम्स के ट्रामा सेंटर पहुंचे और यहां दुर्घटना में घायल हुए 20 यात्रियों का हाल जाना। चिकित्सकों ने बताया कि 20 में से 14 घायलों को मामूली चोटें आई हैं, जबकि 06 घायलों को सामान्य से ज्यादा चोटें आई हैं।



डॉ. अग्रवाल ने चिकित्सकों से पूरी जानकारी लेने के बाद सभी घायलों को उचित ट्रीटमेंट देने के बाद ही डिस्चार्ज करने को कहा। उन्होंने कहा कि डिस्चार्ज के बाद भी अपने गंतव्य पहुंचने तक मेडिसिन उपलब्ध कराई जाएं। इस मौके पर डॉ. अग्रवाल ने भर्ती घायलों राशिक (30), प्रकाश (58), हरीश (51), गिरीश (54), भानुबेन (48), हरिशा (55), राशिदा (50), वसंता (50), शिल्पा (48), राहुल (28), महेश (50), संगीता (50), परिता (24), मनीषा (47), गीता (45), दिलीप भट्ट (43), गीता बेन (43), नैना बेन (45), भावना वैभव (54), भावना बेन (55) का हाल जाना।
इस मौके पर एम्स के जनसंपर्क अधिकारी हरीश थपलियाल, डॉ अर्जुन सहित नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहे।

# महापौर ने परखी शहर की पेयजल व्यवस्था




**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम महापौर अनिता ममगांई ने रविवार को शहर के प्रमुख क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया।
निगम में आज अवकाश के बावजूद भाजपा कार्यकताओं और निगम पार्षदों के साथ चारधाम यात्रा में पेयजल व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने महापौर सड़कों पर उतरीं। उन्होंने यात्रा बस अड्डे व रेलवे स्टेशन से गंगा दर्शन के लिए त्रिवेणी घाट जाने वाले विभिन्न पैदल मार्गों पर लगे स्टैंड पोस्टों का निरीक्षण किया।
अधिकांश में नलों के सूखे पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से उन्होंने जल संस्थान के अधिकारियों को मौके पर तलब कर लिया।
कड़कती धूप के बीच महापौर ने पेयजल व्यवस्थाओं का जायजा लिया। व्यवस्थाओं से नाखुश महापौर ने मौके पर जल संस्थान के अधिकारियों को तलब कर निर्देशित करते हुए कहा कि मौसम का मिजाज पिछले तीन दिनों से बेहद गर्म होना शुरू हो गया है। ऐसे में पेयजल व्यवस्थाओं का मजबूत होना बेहद जरूरी है, ताकि चारधाम यात्रा के मुख्य द्वार ऋषिकेश में पेयजल संकट का सामना ना करना पड़े।
शहर में पानी की कोई कमी नहीं आनी चाहिए। इसको लेकर महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, भीषण गर्मी को देखते हुए आवश्यकतानुसार पानी का समय बढ़ाया जाए। दूषित जलापूर्ति की शिकायत आती है, तो त्वरित उसका निस्तारण किया जाएं। जब तक निस्तारण न हो जाए तब तक जनता के लिए टैंकर के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही शहर में लगातार हो रही बिजली कटौती से नाराज मेयर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को दूरभाष पर नगर की विद्युत व्यवस्था में सुधार की बात कही।
महापौर ने विभागीय अधिकारी को कहा कि पीक आवर में लाइनों का काम करने के बजाए ऐसे समय कार्य करें ताकी यात्रियों को कम से कम परेशानी हो।

# 'श्री अन्न' प्रत्येक व्यक्ति की थाली में पहुंचे, इस सोच को साकार करना होगा: कैलाश चौधरी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने रविवार को यहां कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के थाली में 'श्री अन्न' पहुंचे, इस सोच को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष मनाया जा रहा है। 'श्री अन्न' को मोटा अनाज कहकर उपहास उड़ाया गया, यह अन्न व्यक्ति को स्वस्थ करने के साथ किसानों और युवाओं को रोजगार देकर जीवन में खुशहाली लाएगा।
रविवार को हाथीबड़कला स्थित सर्वे ऑफ इण्डिया, हाथीबड़कला, स्थित सर्वे ग्राउण्ड में चार दिवसीय 'श्री अन्न' महोत्सव के दूसरे दिन केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने बतौर मुख्य अतिथि यह बातें कहीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'श्री अन्न' प्रत्येक व्यक्ति की थाली में पहुंचे। इसके लिए उत्तराखंड के कृषि मंत्री



गणेश जोशी का प्रयास सराहनीय है।
केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्व कल्याण के उद्देश्य को लेकर काम कर रहे हैं। 'श्री अन्न' कुपोषण का समाधान के लिए पौष्टिक आहार है। प्रधानमंत्री मोदी के 2018 के प्रस्ताव का ही प्रभाव है कि 2023 को मिलेट्स वर्ष के रूप में घोषित किया गया है। आने वाले समय में हर व्यक्ति का स्वास्थ्य बेहतर होगा और किसानों को लाभ मिलेगा। मिलेट्स का ा विश्व में सबसे ज्यादा उत्पादन हिन्दुस्तान में होता है। मिलेट्स अनाज से कई प्रकार की वस्तुएं बनाई जा रही हैं। पांच हजार स्टार्टअप में 2 हजार 'श्री अन्न' के उत्पाद बनाये जा रहे हैं।
केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के पक्षधर हैं। प्राकृतिक खेती का उत्तराखंड में रकबा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की थाली में जब 'श्री अन्न' पहुंचेगा तो स्वस्थ व्यक्ति के साथ किसानों को भी खेती से आर्थिक लाभ बढ़ेगा।
उन्होंने कहा कि गाय के गोबर और गोमूत्र में औषधीय गुण हैं। केंद्रीय मंत्री ने राज्य के कृषि मंत्री से जिला और ब्लॉग में किसानों को लार्ज सर्टिफिकेट घोषित करने के लिए आग्रह किया, जिससे किसानों की आर्थिकी बढ़ाने में कारगर साबित होगा। पहले की सरकार किसानों का हित नहीं सोचा, अटल बिहारी ने सोचा, पहले खाली बात होती थीं। अब कृषि का बजट 1 लाख 25 हजार करोड़ और 60 हजार करोड़ किसान सम्मान निधि रखा गया है। किसान मंडी में फसल न बेचकर व्यापारी बने। यह प्रधानमंत्री की सोच है। पुरानी नहीं नई टेक्नोलॉजी से खेती में गति आई है। प्रधानमंत्री ने ड्रोन से खेती की छूट दी है।
सरकार 40 फीसद सामान्य लोगों को सब्सिडी, महिला 50 और सरकारी संस्था 100 फीसद सब्सिडी मिलती है। किसान आज ड्रोन से छिड़काव कर रहा है। पौध में कहां-कहां कीड़ा लगा है। इसके लिए उसकी पहचान करने का झंझट नहीं रह गया है। साथ ही वह कम समय में खेती के कार्य को पूरा कर सकता है। आज अच्छे किसान की चर्चा नहीं होती, इसके चलते युवा साथी भटकाव की ओर चले जाते हैं। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए किसान को आत्मनिर्भर होना होगा। उन्होंने कहा कि हर कहानी में गरीब किसान जैसे शब्द की बात होती है, अब इसे समाप्त करना है। जमींदार और धनाढ्य किसान बनाने के लिए मुहिम को गति देना है। उन्होंने कहा कि 'श्री अन्न' को हर थाली में पहुंचाने के लिए शादी कार्ड या पार्टी में निमंत्रण कार्ड पर इसे लिखा जाए।
पूर्व मुख्यमंत्री और हरिद्वार सांसद रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि सरकार के अभिनय कदम को कृषि विभाग जमीन पर उतार रहा है। हिमालय के उत्पाद की ब्रांडिंग के साथ इसे देश ही नहीं दुनिया में लेकर जाने के लिए कृषि विभाग अथक प्रयास करे।

